# इस रूट की सभी लाइने व्यस्त हैं, यही मिल रहा उत्तर

- टेलीफोन की लाइनें क्षतिग्रस्त कंपनियों का नेटवर्क ध्वस्त

**प्रमोद व्यास**

**उज्जैन।** आपने जिस कस्टमर को कॉल किया है वह अभी आपकी कॉल का जवाब नहीं दे सकते, इस रूट की सभी लाइने व्यस्त है। कुछ इसी तरह का जवाब उज्जैन उत्तर क्षेत्र में लगातार रहवासियों को मिल रहा है। लोग एक दूसरों को फोन लगाकर टेलीफोन लाइनों का हाल जान रहे हैं।

नवभारत को मिली जानकारी के अनुसार उज्जैन उत्तर क्षेत्र में बीएसएनल से लगाकर एयरटेल और अन्य निजी कंपनियों का नेटवर्क ध्वस्त हो चुका है और लाइन लगातार व्यस्त बताई जा रही है लोग एक दूसरे को फोन पर संपर्क नहीं कर पा रहे हैं। उज्जैन उत्तर क्षेत्र में सिंहस्थ 2028 को लेकर बड़े पैमाने पर विकास कार्य निर्माण कार्य चल रहे हैं, सड़कों का चौड़ीकरण भी किया जा रहा है। ऐसे में नगर निगम यहां पर जो तुड़ाई का कर रहा है। उसमें रहवासी भी अपने सहमति से मकान दुकान तोड़ रहे हैं यह कारण है कि जमीन के नीचे दबी लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है, इस खुदाई के चलते ही क्षेत्र में रुसवाई भी उपजी है। जिला प्रशासन नगर निगम और अन्य निर्माण एजेंसियां जिस तरह से जेसीबी डंपर और अन्य संसाधनों के माध्यम से खुदाई और तुड़ाई-चौड़ाई का काम कर रहे हैं ऐसे में निजी कंपनियों के ऑपरेटर



अपनी संचार लाइनों को दुरुस्त नहीं कर पा रहे हैं, उन्हें फाल्ट भी नहीं मिल पा रहा है ऐसे में कंपनी के कर्मचारी तक जो शिकायतें पहुंच रही है उसे वह हैरान परेशान है। वैसे तो सारा कामकाज आज कल मोबाइल पर हो रहा है। बावजूद इसके सरकारी और निजी ऑफिस में टेलीफोन लाइनों का अब उपयोग किया जाता है और यही कारण है कि जिस तरह से उज्जैन उत्तर क्षेत्र में कुंभ के कार्य जो हो रहे हैं उसके चलते जमीनों की खुदाई वृहद स्तर पर की जा रही है ऐसे में टेलीफोन की लाइन खुदाई में खराब हो गई है और उन्हें दूरस्त तभी किया किया जा सकता है जब निर्माण कार्य विकास कार्य और खुदाई बंद हो जाए।

**हमारा प्रयास रहेगा किसी प्रकार की शिकायत ना हो**

हमें भी एयरटेल की लाइने बंद होने की शिकायत रहवासियों के द्वारा मिली है हम लगातार फॉल्ट ढूंढ रहे हैं और जितनी भी शिकायत है आई है। उन्हें संतुष्ट किया जा रहा है। सभी को जवाब भी दिया जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों तक भी हमने बात पहुंचा दी निर्माण कार्यों के चलते जो खुदाई हो रही है ,उसमें लाइन क्षतिग्रस्त हुई है जिन्हें जल्द चालू कराया जाएगा।

**हरिओम पटेल, एयरटेल सुपरवाइजर, उज्जैन**

# रील बनाने के चक्कर में फंसा गोल्डनमैन रोशन

- पुलिस ने दर्ज किया केस, थार गाड़ी की जब्त, विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया



**उज्जैन।** रील बनाने के चक्कर में गोल्डनमैन बने रोशन यादव पर पुलिस का शिकंजा कस गया है। सोशल मीडिया पर यातायात नियम और कानून की धज्जियां उड़ाते हुए वीडियो सामने आने पर पुलिस ने कई धाराओं में प्रकरण दर्ज कर थार गाड़ी जप्त कर ली है।

चिमनगंज थाना प्रभारी गजेंद्र पचोरिया ने बताया कि सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर एक वीडियो वायरल हो रहा था। जिसमें थार गाड़ी क्रमांक एमपी 20 झेडसी 0072 यातायात के नियमों का उल्लंघन करते और हूटर बजाते हुए दिखाई दे रही थी। इंस्टाग्राम आईडी रोशन यादव 22 के नाम पर थी। जांच के दौरान सामने आया कि नियमों का उल्लंघन करने वाला रोशन यादव इंदौर गेट का निवासी है। जो खुद को गोल्डन मैन होना बताता है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में नियमों का उल्लंघन करते दिखाई देने पर मामले में विभिनन धराओं में प्रकरण दर्ज किया गया। बुधवार रात इंदौर गेट क्षेत्र में रोशन यादव के यहां दबिश गई। रोशन घर पर नहीं मिला वहां खड़ी उसकी थार गाड़ी जब्त कर थाने लाई गई है। थाना प्रभारी के अनुसार रोशन की गिरफ्तारी के प्रयास उसके मोबाइल लोकेशन के आधार पर किए गए। इस दौरान जंतर मंतर के समीप मोबाइल स्विच ऑफ होने से पुलिस उस तक पहुंच नहीं पाई।

## एक नजर में

### समाज उत्थान का लिया संकल्प



**उज्जैन।** अग्रवाल फ्रेंड्स क्लब द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अग्रवाल महिला मंडल की नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत और सम्मान किया गया। कार्यक्रम संयोजिका प्रीति गोयल ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड 51 की पार्षद आशिमां गौरव सेंगर उपस्थित थीं। कार्यक्रम के दौरान मंडल की नवनियुक्त अध्यक्ष ममता अग्रवाल, सचिव मीना गर्ग और कोषाध्यक्ष आभा गर्ग को दुपट्टा ओढ़ाकर एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि आशिमां सेंगर ने सभी सदस्यों से भेंट कर प्रसन्नता व्यक्त की और बहनों को समाज उत्थान के कार्यों के लिए प्रेरित किया। सचिव मीना गर्ग ने आगामी कार्यों के लिए सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किए, वहीं कोषाध्यक्ष आभा गर्ग ने सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास के मंत्र पर जोर दिया। कार्यक्रम संयोजिका प्रीति गोयल ने नवनियुक्त कार्यकारिणी को सभी बहनों की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर माला अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल, रेणु मेंदावाला, दीपा गोयल, पद्मा अग्रवाल, सरस्वती अग्रवाल, शीला अग्रवाल, किरण गोयल, ममता गर्ग, दीपाली अग्रवाल, कुसुम गुप्ता सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित थीं। संचालन प्रीति गोयल ने किया तथा अंत में आभार दीपा गोयल ने माना।

### नारी चेतना मंडल की कार्यकारिणी का गठन




**उज्जैन।** पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर फ्रीगंज के नारी चेतना मंडल का शपथ विधि समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाजसेवी वीरबाला कासलीवाल ने नवीन कार्यकारिणी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह के दौरान मंडल अध्यक्ष के रूप में शोभा कासलीवाल को नियुक्त किया गया। वहीं, सचिव पद की जिम्मेदारी नीलू बड़जात्या और कोषाध्यक्ष का प्रभार संगीता सोनी को सौंपा गया। कार्यक्रम का सफल संचालन ज्योति जैन ने किया। आयोजन में समाज के प्रमुख ट्रस्टी विजेंद्र सुपारीवाले, धर्मेंद्र सेठी, राहुल जैन, नितिन डोसी, सुनील सोगानी सहित सचिन कासलीवाल,संजय बड़जात्या विशेष रूप से मौजूद रहे। मातृशक्ति में पुष्पा बज, मीना जैन, सुमन गोधा, शकुंतला सोनी, प्रीति बिलाला, सुनीता जैन, वंदना टोंग्या, कविता काला, संगीता बडजात्या, मधु बड़जात्या, आशा कासलीवाल, मंजु जैन, तारा जैन मौजूद रही।

### नाबार्ड ने आयोजित की कार्यशाला



**उज्जैन।** नाबार्ड द्वारा प्रायोजित और मध्य प्रदेश राज्य सहकारी संघ मर्यादित भोपाल द्वारा आयोजित सॉफ्टकोब योजना के तहत जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला हुई। इसका मुख्य उद्देश्य उज्जैन जिले की पैक्स समितियों के कर्मचारियों को आयकर, टीडीएस और जीएसटी जैसे जटिल विषयों में दक्ष बनाना था। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित के सभागार में 25 फरवरी को आयोजित इस कार्यशाला की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। सत्र के दौरान विषय विशेषज्ञों ने कार्मिकों को राष्ट्रीय व राज्य सहकारिता नीति और आदर्श उपविधियों की जानकारी दी। साथ ही, बैंकिंग कामकाज में आने वाली कर संबंधी अड़चनों को दूर करने के लिए जीएसटी और टीडीएस के नियमों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर उपायुक्त (सहकारिता) के. पाटणकर, डीडीएम नाबार्ड नागेश चौरसिया, बैंक सीईओ विशेष श्रीवास्तव, अंकेक्षण अधिकारी संजीव शर्मा, सीए दिवाकर शुक्ला, प्राचार्य दिलीप मरमट, सुमेर सिंह सोलंकी और प्रशिक्षक सुयश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई जारी

**उज्जैन।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को स्वच्छ एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने की दिशा में जिले में लगातार निरीक्षण एवं नमूना कार्रवाई की जा रही है। 26 फरवरी को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा उज्जैन में रोहन शुगर दौलतगंज उज्जैन से खॉड शक्कर का नमूना, नवकार दौलतगंज उज्जैन से अजवायन, कर्मवानी ट्रेडर्स दौलतगंज उज्जैन से जीरा का नमूना एवं जैन लस्सी नमकीन एण्ड स्वीट्स इंदौर रोड से नमकीन सेव के नमूने लिये गये। इसी प्रकार तहसील महिदपुर में पालीवाल होटल से खोपरा पाक का नमूना एवं तहसील घट्टिया से मुनिम जी के नमकीन से मिल्क केक का नमूना लिया गया। उपरोक्त सभी नमूनें जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे गये।

# आधी रात होटल की तीसरी मंजिल पर आग

- महाकाल लोक के सामने जयसिंहपुरा में हुई घटना, फायर ब्रिगेड ने काबू पाया

**उज्जैन।** महाकाल लोक के सामने बुधवार-गुरुवार रात होटल की तीसरी मंजिल के कमरे में आग लग गई। धुआं और लपटे देख अफरा तफरी मची। कुछ देर में ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं हुई है लेकिन शॉर्ट सर्किट होना माना जा रहा है।



जयसिंहपुरा क्षेत्र में महाकाल लोक के सामने होटल संतोष पैलेस बनी हुई है। जिसका संचालन संतोष राठौड़ द्वारा किया जाता है। धार्मिक नगरी में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए राठौर परिवार ने घर को होटल में तब्दील कर दिया है। रात 12.30 बजे के लगभग होटल की तीसरी मंजिल के कमरे से धुआ और आग की लपटे निकलती देख अफरा तफरी की स्थिति बन गई। क्षेत्र में रहने वाले तीन मुस्लिम युवकों मोहम्मद अजान, मोहम्मद सलमान और मोईन खान ने होटल में पहुंचकर आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किये। लोगों ने फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी। कुछ देर में दो दमकल मौके पर पहुंची और आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। बताया जा रहा है कि होटल के एक हिस्से में 7-8 यात्री ठहरे हुए थे। धुआं फैलते ही उन्हें तत्काल बाहर निकाल लिया गया था। जिसके चलते बड़ी जनहानि नहीं हुई।

# जिला स्तरीय उपार्जन समिति गठित

**उज्जैन।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में रबी विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर सरसों के भावांतर योजना के अंतर्गत ई-उपार्जन पोर्टल के लिए किसान पंजीयन, कठिनाइयों के निराकरण के लिए जिला स्तरीय उपार्जन समिति का गठन किया गया है। आदेश के तहत समिति के सदस्य सचिव, उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास और सदस्य अपर कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत, एलडीएम, उपायुक्त, सहायक आयुक्त सहकारिता, जिला सूचना अधिकारी एनआईसी, महाप्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, जिला विपणन अधिकारी मार्कफेड, जिला प्रबंधक एमपी वेयर हाउसिंग एंड लॉजिस्ट कॉर्पोरेशन, जिला प्रबंधक एमपी स्टेट सिविल सप्लाईस कॉर्पोरेशन, अधीक्षक भू-अभिलेख, सचिव कृषि उपज मंडी और जिला आपूर्ति अधिकारी होंगे।

# गोपाल मंदिर और ढाबा रोड चौड़ीकरण कार्य को देखने पहुंचे नगर निगम आयुक्त

- भवनों की तुड़ाई ठेकेदार अपने संसाधन से एक लेवल में कराएं जिससे नाली खुदाई का कार्य प्रारंभ करें

**उज्जैन।** शहर में चल रहे चौड़ीकरण कार्य को लेकर नगर निगम आयुक्त बहुत ही सख्त नजर आ रहे हैं। प्रतिदिन निरीक्षण के साथ साथ अधिकारियों को ठेकेदारों को समझा रहे हैं कि रहवासियों को कोई परेशानी ना आए। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा गोपाल मंदिर ढाबा रोड चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया। निगम आयुक्त द्वारा अधिकारियों एवं ठेकेदार को निर्देश दिए कि चौड़ीकरण कार्य में स्थानीय रहवासियों द्वारा स्वयं मकानों को हटाया जा रहा है। तय सीमा के अंतर्गत भवनों की तुड़ाई ठेकेदार अपने संसाधन से एक लेवल में कराएं जिससे नाली खुदाई का कार्य प्रारंभ किया जाए। साथ ही मार्ग में नाली निकासी की वैकल्पिक व्यवस्था संबंधित अधिकारी करें। निरीक्षण में कार्यपालन यंत्री वैभव भावसार, सहायक आयुक्त प्रफुल्ल गठरे, उपयंत्री मुकुल मेश्राम मौजूद रहे।

## शारदा होम्स कॉलोनी का किया निरीक्षण

उज्जैन। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा वार्ड क्रमांक 4 स्थित शारदा होम्स कॉलोनी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त द्वारा कचरा वाहन में सेग्रीगेशन की स्थानीय रहवासियों से चर्चा की कचरा कलेक्शन वाहन में हेल्पर एवं आई ई सी नोडल मेंबर नहीं होने पर संबंधित एजेंसी पर पेनल्टी के निर्देश निगम अधिकारियों को दिए।

# नगर निगम की टीम ने गंदगी करने वालों पर किया 30 हजार रुपए का जुर्माना

- पूर्व में एक होटल वाले पर कार्रवाई की जा चुकी है। निगम की कार्रवाई जारी रहेगी

**उज्जैन।** शहर की स्वच्छता का विशेष रूप से ध्यान रखा जा रहा है साथ ही गंदगी करने वालों पर निगम द्वारा लगातार सख्ती से जुर्माना भी लगाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को नगर निगम स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा के निर्देश अनुसार शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गंदगी करने वालों पर 30 हजार का जुर्माना वसूला गया। जिसमें सड़क एवं मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण करने पर 10 हजार, खुले में गंदगी करते पाए जाने पर 14 हजार, प्लास्टिक का उपयोग करते पाए जाने पर 1500, भट्टी जलाने पर 2000, मेडिकल वेस्ट पाए जाने पर 2000, मिक्स कचरा पाए जाने पर 500 रुपए का जुर्माना लगाया गया। उज्जैन शहर के समस्त नागरिकों एवं व्यावसायिक क्षेत्र में व्यापारियों से अपील की जाती है कि स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान अंतर्गत उज्जैन शहर की स्वच्छता को बनाए रखने में आप सभी के सहयोग की आवश्यकता है इसलिए निर्धारित कचरा कलेक्शन वाहनों में ही कचरा अलग-अलग दिया जाए गंदगी ना करें ना ही प्लास्टिक का उपयोग करें।

# आवास मेला और बिल्डर एवं बिल्डर-ब्रोकर सम्मान समारोह कल से

- बड़ा घर लेने वाले के लिए विशेष ऑफर रहेंगे। बुकिंग कराने पर स्मार्ट फोन और वाशिंग आदि देंगे।

**उज्जैन।** उज्जैन में अब सपनों का घर खरीदने का सुनहरा मौका। सर्व सनातन धर्म संस्कार जन कल्याण समिति के तत्वावधान में 28 फरवरी से 1 मार्च तक शर्मा परिसर में दो दिवसीय भव्य आवास मेला एवं बिल्डर-ब्रोकर सम्मान समारोह का आयोजन होने जा रहा है। एक ही छत के नीचे उज्जैन की सभी प्रमुख कॉलोनियों, प्रोजेक्ट्स और नई योजनाओं में मकान, प्लॉट, फ्लैट औरृ षि भूमि की बुकिंग के



साथ बंपर गिफ्ट्स और 11 हजार रुपये तक के नगद इनाम का लकी ड्रा भी होगा। इस दो दिवसीय मेले में उज्जैन और आसपास के जिलों के लोग वाजिब दरों पर प्रॉपर्टी बुक कर सकेंगे। प्रतिष्ठित बिल्डरों और ब्रोकर्स द्वारा सीधा मार्गदर्शन मिलेगा, छोटे प्लॉट-मकान वाले लोगों के लिए बड़ा घर लेने के विशेष ऑफर रहेंगे। बुकिंग करने पर स्मार्टफोन, वाशिंग मशीन, मिक्सर ग्राइंडर जैसे आकर्षक उपहार दिए जाएंगे।

**सभी विजिटर्स को मिलेगा 11 हजार का इनाम**

सभी विजिटर्स के लिए लकी ड्रा में नाम निकलने पर नगद 11,000 रुपये का इनाम मिलेगा। खास बात यह है कि मेले में देश में पहली बार बिल्डरों और ब्रोकर्स को प्रॉपर्टी बेस्ट सेलर अवार्ड और अचीवमेंट अवार्ड दिए जाएंगे, जिससे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों का सार्वजनिक सम्मान और प्रमोशन होगा। मेले में ज्वलंत अमित शर्मा, अनामिका शर्मा की स्वर लहरियां और नृत्यांगना ऐश्चर्या शर्मा द्वारा शिव स्तुति एवं गणेश वंदना की जाएगी।

# निरीक्षणकर्ता दो इंजीनियरों का एक माह का वेतन रोका

- संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने निरीक्षण के दौरान दिए सख्त निर्देश

**कार्य में लापरवाही पर नाराज हुअ संभागायुक्त**

साथ ही नगर निगम के दो इंजीनियर जिन्हें निरीक्षण का काम सौंपा गया था, उनके द्वारा सही से निरीक्षण नहीं करने और काम की गति बनाए न रखने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संभाग आयुक्त निगम आयुक्त मिश्रा को कार्यपालन यंत्री वैभव भावसार और सहायक यंत्री अमृत मिशन फेज 2.0 शिवम दुबे के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उज्जैन। संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने गुरुवार को मालनवासा में निरीक्षण के दौरान सीवरेज पाइप लाइन के काम लक्ष्य से पीछे चलने पर नाराजगी जाहिर की और संबंधितों को सख्त निर्देश दिए कि काम में देरी और लापरवाही पर सख्त कार्रवाई होगी। संभागायुक्त सिंह ने 2 इंजीनियरों को एक एक माह का वेतन रोकने के निर्देश दिए है।

ज्ञात हो कि संभाग आयुक्त आशीष सिंह व कलेक्टर रौशन कुमार सिंह गुरुवार को वार्ड क्रं. 54 शिप्रा विहार क्षेत्र मालनवासा में अमृत मिशन 2.0 अंतर्गत निर्माणरत सीवरेज पाइपलाइन और हाउसहोल्ड कनेक्शन कार्यों के निरीक्षण पर गए थे।

निरीक्षण के दौरान कंपनी के अधिकारी ने बताया कि अभी वर्तमान में काम बंद है और मजदूर होली मनाने गए हैं। इस पर संभाग आयुक्त सिंह ने नाराजगी व्यक्त की और उन्हें इसकी वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने कहा कि यदि कोई भी मजदूर/ कर्मचारी अवकाश पर जा रहे हैं तो उनकी वैकल्पिक व्यवस्था बनाए रखें और काम की गति को बनाए रखें।

# क्रिकेटर कर्ण, सिद्धार्थ और उदयपुर राज परिवार ने भगवान महाकाल के दर्शन किए

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर में वीआईपी श्रद्धालुओं का आगमन निरंतर जारी है। पहले मंत्रियों ने किए थे दर्शन। अब भारतीय क्रिकेटर कर्ण शर्मा, सिद्धार्थ कौल एवं उदयपुर शाही परिवार के लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने गुरुवार को महाकाल दर्शन किए। दोनों क्रिकेटर अल सुबह उज्जैन आए व बाबा महाकाल की भस्मारती में शामिल हुए। आरती के बाद उन्होंने गर्भगृह के बाहर से भगवान महाकाल के दर्शन कर सफलता का आशीर्वाद लिया। इसके बाद उदयपुर शाही परिवार के लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ भी उज्जैन पहुंचे व महाकाल के दर्शन किए। पुजारी जितेंद्र गुरु ने नंदीहाल में बैठकर उनका पूजन-अर्चन संपन्न कराया। लक्ष्यराज सिंह ने मंदिर समिति के द्वारा की गई दर्शन व्यवस्था की तारीफ की। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने उनका स्वागत किया।

# ठगी करने वाला हुआ गिरफ्तार

- मैरिज ब्यूरो खोलकर कराता था रिश्ते तय, अब 1 मार्च तक पुलिस की रिमांड में कोर्ट ने सौंपा


**उज्जैन।** मैरिज ब्यूरो खोलकर रिश्ता करने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले संचालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसे न्यायालय में पेश कर 1 मार्च तक रिमांड पर लिया गया है।

माधव नगर थाना क्षेत्र के फ्रीगंज स्थित गुरुद्वारा के पास शुभारंभ संस्था एवं मैरिज ब्यूरो के नाम से गोपाल सिंह उमठ द्वारा ऑफिस संचालित किया जा रहा था। जहां रिश्ता तय करने के नाम पर उसके द्वारा लोगों से पैसे लिए जा रहे थे, लेकिन रिश्ता नहीं कराया जा रहा था। माधव नगर थाना पुलिस के पास करीब 8 से 10 लोगों ने आवेदन के माध्यम से शिकायत की। पुलिस ने गुरुद्वारा के पास पहुंचकर ऑफिस में दबिश दी। गोपाल सिंह को गिरफ्तार किया गया और ऑफिस से आधा दर्जन मोबाइल और दस्तावेज जब्त किए। गुरुवार दोपहर से न्यायालय में पेश कर पूछताछ के लिए 1 मार्च तक के लिए रिमांड पर लिया गया है। थाना प्रभारी राकेश भारती के अनुसार शिकायतकर्ताओं ने बताया कि रिश्ता तय करने के लिए 16 हजार रुपए लिए गए हैं और शादी से इनकार कर देते थे। दूसरा रिश्ता नहीं बताया जाता था ना ही रुपए लौट आए जाते थे।

**महाकाल मंदिर में** ▸ सूतक व ग्रहण काल में मंदिर के पट दिनभर चालू रहेंगे, श्रद्धालु दर्शन कर सकेंगे-भाग नहीं

# 2 मार्च को होली जलेगी, 3 को ग्रहण का सूतक

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर में परंपरा अनुसार देश की सबसे पहले होली 2 मार्च की शाम को जलेगी। इसके पूर्व संध्या आरती में भगवान को गुलाल अर्पित कर पंडे-पुजारी भगवान के संग सबसे पहले होली खेलेंगे। आरती में मौजूद भक्त भी गुलाल उड़ाकर होली पर्व मनाएंगे। 3 मार्च को चंद्र ग्रहण लग रहा है। ग्रहण का सूतक सुबह से ही शुरू हो जाएगा। इस दौरान भगवान महाकाल की सुबह की दोनों आरतियों में भोग नहीं लगाया जाएगा।



भगवान महाकाल स्वयं कालो के काल है। इसलिए उन किसी ग्रहण या सूतक का असर नहीं होता है। मंदिर की परंपरा के अनुसार 3 मार्च को चंद्र ग्रहण वाले रोज भी मंदिर दिनभर आम दर्शन के लिए खुला रहेगा। श्रद्धालु बाहर से दर्शन कर सकेंगे। सिर्फ सुबह के वक्त जब सूतक रहेगा तो भगवान को भोग अर्पित नहीं किया जाएगा। ग्रहण समाप्त होने के बाद शुद्धिकरण होगा व शाम की संध्या आरती में यह भोग अर्पित किया जाएगा। 2 मार्च की सुबह मंदिर प्रांगण में लकड़ी व कंडों से होली सजाई जाएगी। इसके आसपास रंगोली बनाई जाएगी। शाम को भगवान महाकाल की संध्या आरती के बाद पुजारीगण प्रांगण में पहुंचकर होलिका का दहन पूजन-अर्चन व आरती करेंगे। इसके पश्चात होली का दहन किया जाएगा। संध्या आरती में होली मनेगी। आरती के दौरान पुजारी भगवान को गुलाल व शकर की माला अर्पित करेंगे।